RAJHIN2833/20/01/04
Approved by Government of India

विश्व नायक

सम्पूर्ण राज्य में प्रसारित व दक्षिण-पूर्वी, राजस्थान का हिन्दी प्रमुख समाचार पत्र

वर्ष : 19 अंक : 69 कोटा, राजस्थान, सोमवार, 11 सितंबर 2023 पेज-8, मूल्य : 3 रूपया

हिंदी राजभाषा होने के साथ विश्व में भारतीयता की पहचान भी है: डॉ अभिजीत कर्माकर

सीएसआईआर-सीरी में हिंदी सप्ताह का शुभारंभ

बाबूलाल घोघलिया - विश्व नायक
पिलानी, 9 सितंबर, सीएसआईआर-सीरी पिलानी में हिंदी सप्ताह का शुभारंभ हुआ। परंपरागत रूप से अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शरुआत की गई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए हिंदी सताह आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ अभिजीत कर्माकर, मुख्य वैज्ञानिक ने अपने संबोधन में हिंदी सप्ताह के शुभारंभ पर अपनी शुभकानाएं दीं। उन्होनें कहा कि हिंदी न केवल हमारी राजभाषा है अपितु विश्व में भारत और भारतीयता की पहचान भी है। अपने संक्षिप्त संबोधन के अंत में उन्होंने सभी सहकर्मियों विशेषकर नए सहकर्मियों से अधिकाधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने कहा कि हिंदी पूरे देश की सर्वमान्य संपर्क भाषा भी है। विगत कुछ समय से देश-विदेश में हिंदी का उपयोग और प्रतिष्ठा भी बढ़ी है । अपने संबोधन में उन्होंने हिंदी की विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। हिंदी की समावेशी प्रकृति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी ने अन्य भारतीय भाषाओं के शबें को स्वीकार कर अपना प्रसार बढ़ाया है। संस्थान में प्रशासनिक कार्यों में हिंदी के उपयोग की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि संस्थान का राजभाषा प्रकोष्ठ वर्षपर्यन्त अपनी गतिविधियों के माध्यम से संस्थान में हिंदीमय वातावरण बनाए रखता है। उन्होंने इसके लिए राजभाषा प्रकोष्ठ की सराहना की।

इससे पूर्व हिंदी सप्ताह आयोजन के संयोजक एवं वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने सभी उपस्थित सहकर्मियों का स्वागत किया और सप्ताह पर्यन्त आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिंदी दिवस के अवसर पर संस्थान के निदेशक द्वारा हिंदी प्रतियोगिताओं एवं प्रोत्साहन योजनाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

उद्घाटन सत्र के उपरांत आयोजित आशुभाषण प्रतियोगिता में श्री गुरमेन्द्र सिंह, वरिष्ठ सचिवालय सहायक ने प्रथम, डॉ गौरव पुरोहित,वरिष्ठ वैज्ञानिक ने द्वितीय, श्री धनराज नायक, पीएचडी छात्र ने तृतीय तथा श्री गोविंद कुमार, संविदा कर्मी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में ह्लएक देश झ एक चुनाव की नीति देश हित में हैह्व विषय पर विचार रखते हुए श्री विक्रम सिंह रावत, तकनीकी अधिकारी ने प्रथम, श्री गुरमेन्द्र सिंह, वरिष्ठ सचिवालय सहायक ने द्वितीय, सुश्री मंदाकिनी सिंह, परियोजना सहायक ने तृतीय और श्री बाबुल सैनी, परियोजना सहायक ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल के सदसों डॉ अभिजीत कर्माकर, जय प्रकाश इंदौरा तथा जय शंकर शरण ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और विजेताओं को बधाई दी। प्रतियोगिता का संचालन जितेन्द्र नाथ बाजपेई, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने किया।